हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 22 अगस्त 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड






रिसॉर्ट, चौपाटी और रेस्टोरेंट से बढ़ेगी रौनक

# मुकुंदपुर पहाड़ी बनेगी पर्यटन का नया केंद्र

■ कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने किया पर्यटन कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम मुकुंदपुर पहाड़ी का भ्रमण कर वहां चल रहे पर्यटन विकास कार्यों का निरीक्षण किया। जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा ने इसे पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण कहा। मुकुंदपुर पहाड़ी धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सौंदर्य का संगम मानी जाती है। राम वन गमन पथ योजनांतर्गत यहां भगवान श्रीराम की भव्य प्रतिमा पूर्व में स्थापित की जा चुकी है। अब इस क्षेत्र को और आकर्षक बनाने के लिए सप्तऋषियों की प्रतिमाएं भी विभिन्न स्थानों पर स्थापित की जा रही हैं। कुछ प्रतिमाओं का फिनिशिंग वर्क जारी है ।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने भगवान श्रीराम की प्रतिमा में शेष फिनिशिंग कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पहाड़ी पर बन रहे इंफॉर्मेशन सेंटर, रिसॉर्ट और कॉटेज का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को अक्टूबर माह तक सभी



निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। पर्यटकों की सुविधा के लिए मुकुंदपुर पहाड़ी पर आधुनिक रिसॉर्ट, कॉटेज और चौपाटी सहित भोजन की उत्तम व्यवस्था विकसित की जा रही है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देश दिए कि कॉटेज के आसपास आकर्षक फूल-पौधे लगाए जाएं ताकि प्राकृतिक वातावरण और भी रमणीय बने। साथ ही रेस्टोरेंट की दीवारों पर जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों की चित्रकारी कराई जाए, जिससे पर्यटक एक ही स्थान पर धमतरी जिले की पर्यटन धरोहर की झलक देख सकें।

कलेक्टर ने कहा कि मुकुंदपुर पहाड़ी पर पर्यटन सुविधाओं का विकास स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार का नया द्वार खोलेगा। यहां पर्यटन गतिविधियों के बढ़ने से न केवल क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था सशक्त होगी, बल्कि धमतरी जिला राज्य और देश के पर्यटन मानचित्र पर अपनी पहचान और मजबूत करेगा। जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा ने भी कहा कि मुकुंदपुर पहाड़ी धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण है। यहां विकसित हो रही सुविधाएं इसे प्रदेश और देश भर के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाएंगी। रिसॉर्ट, चौपाटी और रेस्टोरेंट बनने से न केवल पर्यटकों को सुविधा होगी, बल्कि स्थानीय युवाओं को आजीविका के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष नगरी, एसडीएम सुश्री प्रीति दुर्गम, सीईओ जपं रोहित बोरझा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### रजत जयंती वर्ष पर गुहाननाला में हुआ सांस्कृतिक उत्सव

**नगरी।** छग के स्वर्णिम रजत जयंती वर्ष के अवसर पर ग्राम पंचायत गुहाननाला के गुड़रापारा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय निवासियों ने पारंपरिक लोकनृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में जपं अध्यक्ष महेश गोटा, सभापति राजेशनाथ गोसाई, जनपद सदस्य कलावती मरकाम सहित अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। स्थानीय कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। इस आयोजन ने न केवल ग्रामीणों को उत्सव का अवसर प्रदान किया, बल्कि पारंपरिक संस्कृति एवं सामाजिक एकता को भी और मजबूत किया।

### आवेदन की हार्डकापी 31 तक जमा करें

**धमतरी।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय से बीए, बीकॉम, बीएससी प्रथम सेमेस्टर की स्वाध्यायी परीक्षा देने वाली छात्राएं अपना पंजीयन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के पोर्टल में 31 अगस्त तक कराकर आवेदन की हार्डकापी तथा आवश्यक दस्तावेज महाविद्यालय में 5 सितंबर तक प्रभारी आकाश साहू सहायक प्राध्यापक (रसायनशास्त्र) तथा सहायक अशवंत नेताम (प्रयोगशाला तकनीशियन) के पास जमा करें।

# प्रेस क्लब भवन में फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



प्रेस क्लब धमतरी में हर्ष और उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार शिरोमणि राव घोरपड़े ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को नमन किया। ध्वजारोहण के बाद सभी पत्रकारों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान गाकर देशभक्ति का संदेश दिया।

इस अवसर पर श्री घोरपड़े ने कहा कि प्रेस क्लब द्वारा ध्वजारोहण का दायित्व सौंपा जाना मेरे लिए गौरव की बात है। पत्रकारिता हमेशा समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी निभाने का कार्य है। मैंने सदैव प्रेस क्लब की मजबूती और पत्रकार हित में योगदान दिया है और आगे भी अपने सुझाव एवं मार्गदर्शन देता रहूंगा।

मौके पर प्रेस क्लब के महासंरक्षक सुधीर गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष एमए फहीम, मेघराज ठाकुर, अध्यक्ष विशाल ठाकुर, महासचिव विक्रांत शर्मा, उपाध्यक्ष उमेश सिंह बशिस्ट, कोषाध्यक्ष नरेश श्रोती, सचिवराज सोनवानी, संगठन सचिव सत्येंद्र शर्मा, रोशन सिन्हा, लोकेश करैत, एम. दाऊदी, पवन साहू सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# अब बारिश में भी सफाई व्यवस्था नहीं रुकेगी

■ स्वच्छता दीदियों को रेनकोट, साड़ी ड्रेस वितरित, सहजन के पौधे भी भेंट किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

स्वच्छता दीदीयों को बारिश से बचाव के लिए बुधवार को नगर पंचायत द्वारा रेनकोट सहित अन्य सामग्री वितरित की गई। स्वच्छता दीदियों को रेनकोट एवं ड्रेस वितरण करते हुए अध्यक्ष ज्योति हरख जैन एवं सीएमओ संतोष विश्वकर्मा ने कहा कि रेनकोट से बारिश के वक्त भी सफाई व्यवस्था नहीं रुकेगी। हर सफाई दीदी समय से अपनी ड्यूटी पर पहुंच अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर सकेगी।



बारिश में सफाई कार्य में काफी दिक्कत होती है। बारिश में उनको भीगते हुए कचरा कलेक्शन काम करना पड़ता है। अब रेनकोट पहनकर सफाई दीदी अपना काम कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों के लिए जो जरूरी सुविधाएं होंगी उसे मुहैया कराया जाएगा। सफाई कर्मचारियों की रेनकोट के अलावा साड़ी ड्रेसेस दी गई है। इस दौरान उन्होंने नगरवासियों से आह्वान करते हुए कहा कि नगर को साफ-स्वच्छ बनाने के लिए परिषद का सहयोग करें। नगर नगर पंचायत द्वारा सफाई दीदियों को रेनकोट, छाता, आदि किट जैसी आवश्यक सामग्री वितरित की गई है, ताकि बारिश में भी उनका काम बिना किसी रुकावट के चलता रहे।

नगर पंचायत ने नगरवासियों से अपील की है कि वे नगर को स्वच्छ रखने में परिषद का सहयोग करें, ताकि एक स्वच्छ और सुंदर नगर भखारा भठेली का निर्माण किया जा सके। महिला स्वच्छता दीदियों की स्वास्थ्य रक्षा हेतु घर पर ही पौष्टिक सब्जी पौधे मुनगा यानी सहजन भी भेंट किये गये। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि गण, पार्षदगण, नागरिकगण उपस्थित थे।

# सिलौटी स्कूल में मना राष्ट्रीय सद्भावना दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में राष्ट्रीय सद्भावना दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी संतोष कुमार जैन ने राष्ट्रीय सद्भावना दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिवस पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर प्रतिवर्ष 20 अगस्त को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 20 अगस्त 1992 से हुई थी। इसका उद्देश्य समाज में शांति, भाईचारा, एकता, अखण्डता एवं सांप्रदायिक सौहार्द्र को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर छात्र- छात्राओं व शिक्षकों ने सद्भावना शपथ ली। कार्यक्रम में शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# राज्य की उपलब्धियों को प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचाने का आह्वान

■ छग राज्य के रजत जयंती वर्ष को लेकर नपं के सभाकक्ष में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)

नगर पंचायत आमदी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के आयोजन में गणेश पूजा समिति, दुर्गा पूजा समिति, व्यापारिक संगठन, पदयात्रियों को जोड़ने के उद्देश्य से कार्यालय के सभा कक्ष में बैठक रखी गई जिसमें नगर की झांकी समिति के सदस्य, व्यापारिक संगठन के सदस्य, पार्षद एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न संगठनों को छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के आयोजन का उद्देश्य, राज्य की



उपलब्धियों को प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचाने एवं इस आयोजन में युवा, महिला, किसान समेत समस्त नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए वर्ष 2050 के भावी छत्तीसगढ सीजी @50 के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित किया गया। यह भी बताया गया कि गरीब कल्याण, युवा सशक्तिकरण, अन्नदाता और नारी सशक्तिकरण रजत जयंती वर्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के केंद्र बिंदु होंगे।

बैठक में मुख्य नगरपालिका अधिकारी दीपक शुक्ला, उप अभियंता डिगेश्वर साहू, पीआईयू कामता साहू, पार्षदगण, व्यापारिक संगठन के सदस्य, आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# रजत जयंती पर देशभक्ति गीतों की हुई प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ को रजत जयंती के रूप में छत्तीसगढ़ शासन ने मनाने का निर्णय लिया है। इसके तहत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के सभी शासकीय विद्यालयों में विविध कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी के प्राचार्य रवींद्र कुमार कोसरे के निर्देशन में गांव के मंदिर परिसरों में सफाई अभियान चलाया गया। देशभक्ति गीत प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतिभागी छात्रों ने देशभक्ति गीतों के माध्यम से समां बांधा। छात्र देशभक्ति गीतों की धुन पर झूमने लगे। इस आयोजन में तेजप्रभा साहू , मोनिका साहू, डिंपल साहू, माधवी गजेंद्र, कुमकुम साहू एवं लिनिमा वैष्णव ने भाग लिया। प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रहास साहू एवं साहूकार साहू ने छात्रों को छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन मेघराज साहू ने किया।

# भारत विश्वगुरु तभी बनेगा जब हर बालक कृष्ण और हर बालिका राधा जैसी होगी

■ ब्रम्हाकुमारीज में जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



ब्रम्हाकुमारीज में जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। अनेक बच्चे राधे कृष्ण की वेशभूषा में सजकर आये। कार्यक्रम में अतिथि डॉ. आस्था नंदा, कामिनी कौशिक समाजसेविका, सुषमा नंदा समाजसेविका, स्वाति बल्लाल, प्रतीक्षा बाबर प्रिंसिपल केन अकेडमी स्कूल, सरिता दीदी थीं।

सरिता दीदी ने जन्माष्टमी का आध्यत्मिक अर्थ बताते हुए कहा कि श्रीकृष्ण जन्म अर्थात नवयुग की शुरुआत है। भारत विश्वगुरु तभी बनेगा जब हमारे अन्दर श्रीकृष्ण जैसे दैवी गुण धारण होंगे, जब हर बालक कृष्ण जैसा और हर बालिका राधा जैसी होगी।

श्रीकृष्ण को 16 कला सम्पूर्ण, सर्व गुण संपन्न और सतयुग का प्रथम राजकुमार कहा गया है। श्रीकृष्ण की माखन लीला हमें याद दिलाती है कि आत्मा का असली माखन है शांति और सुख जो केवल परमात्मा के संग से ही मिलता है। उनकी मधुर बांसुरी यह सन्देश देती है कि जब हमारी वाणी पवित्र और मीठी होती है तो पूरा संसार आकर्षित होता है। रासलीला का अर्थ है सदा परमात्मा की स्मृति में नृत्य करना, सदा ईश्वर संग रहना। बच्चों ने सुन्दर नृत्य नाटक प्रस्तुत किया। कृष्ण जन्म की ख़ुशी में सभी बच्चों के साथ सरिता दीदी ने केक काटा।

# मंदिर परिसरों की हुई साफ-सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा के प्राचार्य बालकृष्ण साहू, कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर, सहायक कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार साहू एवं स्काउट गाइड एवं रेडक्रास प्रभारी हरिश्चंद्र नेताम के दिशा-निर्देश में रजत जयंती महोत्सव पर कोसमर्रा, सिहाद एवं देवरी त्रिकुटी धाम मंदिर परिसर की साफ-सफाई की गयी । ऐतिहासिक प्राचीन शिव मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, कर्मा मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमें स्वच्छता अभियान को विद्यालय तक ही सीमित न रखकर, घर, मोहल्ला, गांव तक साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। विद्यार्थी को स्वच्छता अभियान को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। स्वच्छता न केवल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है बल्कि समाज के विकास का परिचायक है।

# युवाओं ने बाइक रैली निकालकर दिया नशामुक्ति और देशभक्ति का संदेश

■ स्वतंत्रता दिवस पर जागरूक युवा मंच ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जागरूक युवा मंच धमतरी के तत्वाधान में नशामुक्ति और देशभक्ति की थीम पर बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ शहर के शिवाजी चौक से हुआ, जो घड़ी चौक होते हुए बिलाई माता मंदिर परिसर तक पहुंची। इस अवसर पर जिले भर से सैकड़ों की संख्या में युवा उत्साहपूर्वक शामिल हुए और पूरे शहर में वंदे मातरम व भारतमाता की जय के नारों से देशभक्ति का माहौल गूंज उठा।



रैली के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए नशामुक्त समाज का संदेश दिया। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहकर देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करना था। जागरूक युवा मंच के कोमल संभाकर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस सिर्फ झंडा फहराने का दिन नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों को याद करने का अवसर है। आज का सबसे बड़ा कर्तव्य है नशे जैसी बुराइयों से दूर रहना और समाज को स्वस्थ, मजबूत और जागरूक बनाना। हमारी यह रैली युवाओं के अंदर वही देशभक्ति और जागरूकता का जज़्बा जगाने का प्रयास है।

तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से कोमल संभाकर, विनोद डिंडोलकर, राहुल पंडित, प्रेम राव, डीजे मोनू, संदीप देवांगन, अविनाश देवांगन, ख़ुशराज साहू, सुनील नागवंशी, पंकज सम्भाकर, मनीष खरे, संजू यादव सहित सैकड़ों युवा शामिल रहे।

## समाज व राष्ट्र के निर्माण में शिक्षा की अहम भूमिका : रोहरा

# पीजी कालेज में प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के लिए हुआ दीक्षांरभ समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान संकाय व कम्प्यूटर संकाय के स्नातक प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षांरभ समारोह का आयोजन किया गया। अतिथि महापौर रामू रोहरा, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष सतीश पवार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉक्टर विनोद कुमार पाठक ने नवप्रवेशित छात्र छात्राओं को नवीन शिक्षा नीति 2020 एवं दीक्षांरभ के उद्देश्य से परिचित करवाया।




मुख्य अतिथि श्री रोहरा ने कहा कि जिस प्रकार एक पौधा रोपण होता है, उसके बाद वह पौधा बड़ा पेड़ बनता है और संपूर्ण प्रकृति को ठंडक प्रदान करता है। ठीक उसी प्रकार आज आपका भी पदार्पण हुआ है। महाविद्यालय से विद्यार्जन करके निकलेंगे तो कई उपलब्धि लेकर राष्ट्र का नाम रोशन करेंगे। सतीश पवार ने कहा शिक्षा एक उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने और व्यक्ति के चरित्र व ज्ञान के विकास में सहायक होती है।

सांसद प्रतिनिधि विजय साहू ने नए कौशल विकसित करने की बात कही।



डा. चंद्रशेखर चौबे पूर्व प्राचार्य ने कहा कि यह वर्ष उनके जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

महेन्द्र पंडित जिला महामंत्री ने कहा कि पुस्तक में ज्ञान का भण्डार होता है। अपने महाविद्यालय के पुस्तकालय में जाकर पुस्तकों का अध्ययन करें। सहपाठियों के मध्य सहयोगात्मक भावना बनाए रखें।

कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के सदस्य अविनाश दुबे, सुभाष चंद्राकर, वेदप्रकाश साहू, रीता बंजारे की उपस्थिति रही। मंच संचालन डॉ. सीमा साहू एवं आभार प्रदर्शन आकांक्षा मरकाम ने किया।

प्रथम आने वाले छात्र खिलाड़ी जिला स्तरीय खेलकूद में शामिल होंगे

# संकुलस्तरीय खेलकूद में सशिमं जीजामगांव का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

संकुलस्तरीय खेलकूद मरौद में हुआ जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर जीजामगांव के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अब ये खिलाड़ी जिला स्तरीय खेलकूद में शामिल होंगे। शिशु वर्ग में 200 मीटर दौड़ रूद्र नेताम प्रथम, कबड्डी में दिव्यांश दल प्रथम, शिशु वर्ग 50 मीटर दौड़ हर्षिता पाले प्रथम, 100 मीटर दौड़ में लीशा साहू द्वितीय, लंबी कूद में लीशा साहू प्रथम, ऊंची कूद में हर्षिता पाले द्वितीय, खो- खो में शिवांगी दल द्वितीय रहा। बाल वर्ग की 100 मीटर दौड़ में हर्ष पाले द्वितीय, 200 मीटर दौड़ में कान्हा साहू द्वितीय, 400 मीटर



दौड़ में सागर साहू प्रथम, 600 मीटर दौड़ में दीपेश सपहा द्वितीय, गोला फेंक में सागर साहू द्वितीय, तवा फेंक में सागर साहू प्रथम, खो-खो में टामेश दल प्रथम रहा। बाल वर्ग की 100 मीटर दौड़ में चित्ररेखा पटेल प्रथम, ऊंची कूद में चित्ररेखा पटेल प्रथम, गोला फेंक में भावना साहू प्रथम, तवा फेंक में भावना साहू द्वितीय, रिले रेस में येणु दल द्वितीय, कबड्डी में ओजस्वी दल द्वितीय, खो- खो में नेहा दल द्वितीय स्थान रहा। प्रथम स्थान आने वाले छात्र खिलाड़ी जिला स्तरीय खेलकूद में शामिल होंगे।

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 22 अगस्त 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

10 मुकुंदपुर पहाड़ी बनेगी पर्यटन का नया केंद्र



12 अंचल में यूरिया खाद की किल्लत से किसान बेहाल









## खबर संक्षेप

### निगम स्कूल में छात्र सम्मेलन 29 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्ष के अवसर पर शासकीय नत्थूजी जगताप नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वर्ष 2000 बाद के सभी पूर्व छात्रों का छात्र सम्मेलन 29 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया है।

### इंडोर स्टेडियम में सेना भर्ती रैली 6 सितंबर को

**धमतरी।** सेना भर्ती रैली का आयोजन स्थानीय आमातालाब रोड स्थित बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में 6 सितंबर को किया गया है। तैयारियों को लेकर रायपुर से कर्नल, कलेक्टर मैदान का निरीक्षण कर बैठक लेंगे। पूर्व हवलदार (आर्मी इंस्पेक्टर) जीवनलाल निषाद ट्रेनर ने इच्छुक युवक-युवतियों से सेना भर्ती रैली में भाग लेने का आग्रह किया है।

### शिक्षा कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष बने प्रीतचंदन

**जीजामगांव।** प्रदेश शिक्षा कल्याण संघ के कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष नारायण सोनी ने प्रीतचंदन गंगेले को धमतरी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री गंगेले के जिला अध्यक्ष बनने पर राजेंद्र कोसरे, शेखरचंद्र ठाकुर, रामनिहोरा साहू, भागवत साहू, रवि साहू, गुलशन सोनी, एनआर सांडिल, केके साहू सहित कई शिक्षकों ने हर्ष जताया है।



### कालेज की पूरक परीक्षा 1 सितंबर से

**धमतरी।** पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर द्वारा पूरक परीक्षा 2025 की समय-सारिणी घोषित कर दी गई है। बीएससी होम साइंस, बीसीए एवं बीकॉम भाग-दो एवं तीन की परीक्षा प्रथम पाली में प्रातः 8 से 11 बजे तक होगी। बीए भाग-दो एवं तीन की परीक्षाएं द्वितीय पाली में दोपहर 1 से दोपहर 4 बजे तक होगी। पूरक परीक्षा 1 सितंबर से प्रारंभ होकर 19 सितंबर तक चलेगी।

### काउंसिलिंग 29 और 30 को

**धमतरी।** शिक्षा सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार प्रतीक्षा सूची विभागीय वेबसाईट एकलव्य डाट सीजी डाट नीक डाट इन पर अपलोड की गई है। प्रतीक्षा सूची में चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार तृतीय काउंसिलिंग 29 और 30 अगस्त को राजधानी रायपुर के सड्डू उरकुरा मार्ग, व्हीआईपी सिटी कॉलोनी के सामने स्थित प्रयास बालक आवासीय विद्यालय में आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि अनुसूचित जनजाति तथा विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के बालक, अनुसूचित जनजाति तथा विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के बालिका वर्ग की काउंसिलिंग 29 अगस्त को होगी। वहीं अनुसूचित जाति बालक और बालिका और अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग बालक एवं बालिकाओं की काउंसिलिंग 30 अगस्त को होगी।


समग्र शिक्षा के कार्यालय में बने सुविधायुक्त स्टूडियो में शिक्षक बनाएंगे कोर्स से संबंधित वीडियो

# डिजिटल स्टूडियो तैयार, मैनुअल के साथ डिजिटल क्लास में पढ़ सकेंगे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मैनुअल पढ़ाई के साथ अब स्कूलों में डिजिटल पढ़ाई भी होगी। इसके लिए समग्र शिक्षा विभाग में एक हाईटेक स्टूडियो तैयार किया गया है। इस स्टूडियो में शिक्षक कोर्स से संबंधित टॉपिक को लेकर वीडियो तैयार कर सकते हैं। इन वीडियो को प्रोजेक्टर, स्मार्ट टीवी, कम्प्यूटर, लैपटाप, मोबाइल सहित अन्य माध्यमों से देखा जा सकता है। लगभग सभी हाई और हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रोजेक्टर, स्मार्ट टीवी की सुविधा है। इन स्कूलों में इन वीडियो के माध्यम से पढ़ाई करवाई जा सकेगी।

जिले के हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की बेहद कमी है। इस कमी के चलते पढ़ाई प्रभावित होती है, जिसका असर इस साल के बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट में देखने को मिला। शिक्षकों की कमी को ऐसे तो दूर करना संभव नहीं है, लेकिन कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के प्रयास से इसका एक विकल्प तैयार कर लिया गया है। मैनुअल पढ़ाई के साथ अब डिजिटल पढ़ाई की सुविधा शुरू की जा रही है। इसके लिए समग्र शिक्षा विभाग के कार्यालय में एक डिजिटल हाईटेक स्टूडियो तैयार किया गया है। इस हाईटेक स्टूडियो में एक बड़ा सा इंट्रेक्टिव पैनल लगाया गया है, जो लैपटॉप, मोबाइल, स्मार्ट टीवी आदि का अपग्रेड वर्जन है। यह पैनल वीडियो रिकार्डिंग करने के साथ डिजिटल ब्लैकबोर्ड जैसा काम करता है। यही नहीं इसमें ऑनलाइन भी स्टडी मटेरियल सर्च कर कई प्रकार के कांसेप्ट को समझाया जा सकता है। इस स्टूडियो में हाई रेजुलेशन कैमरा और माइक आदि की सुविधा है। यह स्टूडियो पूरी तरह से साउंडप्रूफ है, जिसके चलते उन्नत क्वालिटी के वीडियो तैयार किए जा रहे हैं।



### फ्लो में आने का इंतजार

अब डिजिटल क्लास का फ्लो में आने का इंतजार है। समग्र शिक्षा के कार्यक्रम समन्वयक नंदकिशोर साहू ने बताया कि पहले चरण में हाई और हायर सेकेंडरी कक्षाओं पर फोकस किया जा रहा है। शिक्षा विभाग ने डिजिटल क्लास के लिए 30 शिक्षकों का चयन किया है। जिसमें गणित, विज्ञान और अंग्रेजी के विषय विशेषज्ञ शिक्षक शामिल हैं। इन शिक्षकों को इंट्रेक्टिव पैनल चलाने के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। कुछ शिक्षकों ने प्रायोगिक तौर पर डिजिटल कक्षाओं के लिए वीडियो भी तैयार किया है। इसके अतिरिक्त अन्य शिक्षक जो डिजिटल क्लास लेने के उत्सुक हैं, वे यहां आकर वीडियो तैयार कर सकते हैं। प्राइमरी, मिडिल स्कूल के शिक्षक भी वीडियो बना सकते हैं।

### ऐसे होगा प्रसारण

डिजिटल क्लास के लिए वीडियो तैयार करने के बाद इसे स्कूलों के प्राचार्य व अन्य शिक्षकों के वाट्सएप ग्रुप में शेयर किया जाएगा। वहां से स्कूलों के शिक्षकों और छात्रों के वाट्सएप ग्रुप में शेयर किया जाएगा। हाई और हायर सेकेंडरी स्कूल के स्मार्ट क्लास में स्मार्ट टीवी आदि की सुविधा है, वहां पर भी छात्र इस वीडियो के माध्यम से पढ़ाई कर सकेंगे। यही नहीं छात्र मोबाइल, लैपटॉप आदि पर भी इस वीडियो के माध्यम से पढ़ाई कर सकेंगे। कोर्स के हिसाब से वीडियो एक के बाद एक प्रसारित किए जाएंगे। जो कांसेप्ट छात्रों को कठिन लगता है, उसे कई बार देखकर हल कर सकेंगे।

# जिले के बनबगौद क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी



- वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

जिले के वन मंडल के केरेगांव परिक्षेत्र अंतर्गत बनबगौद क्षेत्र में हाथियों का दल देखा गया है। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीबीएमई 1-जीबीएमई 1 समूह के दो हाथी इस समय कक्ष क्रमांक 158 में मौजूद है। इस दौरान किसी प्रकार की जनहानि या मकान क्षति की सूचना नहीं मिली है। हालांकि फसल को आंशिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बनबगौद, बाजार कुर्रीडीह, बरबांधा, डोंगरीपारा, बगबुड़ापारा, बांसपारा, बनरौदा और मार्दापोटी गांवों में विशेष अलर्ट जारी किया गया है। हाथियों की निगरानी के लिए परिक्षेत्र सहायक छुही के नेतृत्व में वन विभाग की टीम सक्रिय है। दल प्रमुख मंशाराम साहू और दल सहायक बीएफओ एके गजेंद्र सहित सुरक्षा श्रमिक पवन कुमार एवं महेश पैदल गश्त कर रहे हैं। वाहन चालक मनोज पुजारी को भी निगरानी कार्य में लगाया गया है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि कोई भी जंगल की ओर न जाएं, सतर्क रहें और हाथी दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी वनकर्मी या दल प्रमुख को सूचित करें।



# सड़क हादसे में एक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मजदूरी कर वापस घर लौट रहे बाइक सवार तीन लोगों को तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने ठोकर मार दी। घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, वहीं दो लोग घायल हो गए।



- ग्राम सेमरा व सिर्वे के बीच हुआ हादसा

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम अंवरी निवासी ओमकेश्वर ध्रुव पिता गजानंद उम्र 32 वर्ष मजदूरी का काम करता था। बुधवार को युवक गांव के पुनारद 49 वर्ष व खिलावन 51 वर्ष के साथ मजदूरी करने बाइक से सेमरा गया था। जहां दिनभर काम करने के बाद शाम को तीनों मोटरसाइकिल में सवार होकर वापस अपने गांव अंवरी लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम सेमरा व सिर्वे के बीच विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक के चालक ने एक्सीडेंट कर दिया। घटना में बाइक सवार तीनों घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद ओमकेश्वर को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो घायल को अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। चौकी पुलिस ने गुरुवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# बिलाईमाता मंदिर में जलेंगे आस्था के जोत

- ज्योति प्रज्ज्वलन 22 सितम्बर को, अष्टमी हवन 30 को

**धमतरी।** नगर की अधिष्ठात्री मां बिलाईमाता मंदिर में क्वांर नवरात्रि में भी घी की ज्योति प्रज्ज्वलित की जाएगी। सेवा शुल्क 1801 रूपये है। पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 21 सितम्बर रात्रि 8 बजे तक है। ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार ने बताया कि कार्यालय में पंजीयन का कार्य प्रारंभ है। कलश स्थापना 22 सितम्बर को सोमवार 7 बजे गोधुलि बेला में होगी। पंचमी 26 सितम्बर शुक्रवार को मनेगी। हवन, पूर्णाहुति 30 सितम्बर मंगलवार को शाम 4:30 बजे से शाम 6:08 बजे तक होगा।



# महतारी वंदन में कटौती से बढ़ रही नाराजगी

- शिविर में पेंशनधारी महिलाओं की आ रही शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महतारी वंदन की राशि में कटौती से पेंशनधारी हितग्राहियों में नाराजगी है। नगर निगम द्वारा लगाए गए शिविरों में लगभग हर महिला हितग्राही ने इसे लेकर शिकायत दर्ज करवाई है। उन्होंने पेंशन और महतारी वंदन की पूरी राशि देने की मांग की है।

राज्य शासन द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए महतारी वंदन योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत महिलाओं को 1 हजार रुपए प्रतिमाह आर्थिक सहायता दी जा रही है। विडंबना यह है कि जिन हितग्राहियों को वृद्धा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, विधवा या अन्य प्रकार की पेंशन मिल रही है, उनकी महतारी वंदन की राशि में कटौती की जा रही है। पेंशन के रूप में पहले से उन्हें 500 रुपए मिलते हैं। महतारी वंदन की राशि पूरे 1 हजार देने की बजाय 500 रुपए ही दिए जा रहे हैं। इसे लेकर पेंशनधारी महिलाओं की नाराजगी बढ़ गई है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा पेंशनधारियों का सत्यापन करने के लिए वार्डों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में पेंशनधारी महिलाएं खुलकर इसकी शिकायत कर रही हैं। उनकी शिकायत है कि पेंशन तो उन्हें पहले से मिलती थी। महतारी वंदन योजना तो अभी शुरू हुई है। दोनों योजना को मिलाकर उन्हें 1500 रुपए मिलना चाहिए, लेकिन शासन द्वारा पेंशन की राशि को महतारी वंदन की राशि में समायोजित कर 1000 रुपए ही दिए जा रहे हैं जो उचित नहीं है। पेंशनधारी महिलाएं गरीब परिवार से हैं, जिनके लिए 50-100 रुपए भी बड़ी बात है। ऐसे में 500 रुपए की कटौती करने से उनका दिल दुख रहा है।



### डेढ़ सौ हितग्राहियों का हुआ सत्यापन

नगर निगम द्वारा पेंशनधारी हितग्राहियों के सत्यापन के लिए 11 अगस्त से विभिन्न वार्डों के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को म्युनिस्पिल स्कूल में शिविर लगाया गया था, जहां पर डेढ़ सौ से ज्यादा हितग्राहियों का सत्यापन किया गया। शिविर में नगर निगम के राजेंद्र यादव, कृष्णा यादव, जितेंद्र, हेमा, प्रियंका, पूजा मिश्रा उपस्थित थे।

# हरफतराई से बलियारा मार्ग जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- नई सड़क और पुलिया निर्माण की मांग

अति जर्जर हो चुके हरफतराई से बलियारा मार्ग के पुनर्निर्माण की मांग क्षेत्रवासियों ने की है। ग्राम पंचायत डोड़की के उपसरपंच नोमेश सिन्हा सहित आसपास के ग्रामीण देवसिंग बघेल, रामाधर, टुकेश्वर सिन्हा, मोरारजी, संतोष सिन्हा आदि ने बताया कि हरफतराई से बलियारा पहुंच मार्ग अति जर्जर हो चुका है। जगह- जगह गड्ढों से आए दिन दुर्घटना घट रही है। बारिश से शंकरदाह से बलियारा मार्ग के बीच आवागमन बाधित हो जाता है जिससे लोगों को अधिक दूरी तय कर शहर आना पड़ता है। शंकरदाह स्थित अजीज प्रेमजी फाउंडेशन स्कूल के आगे पुल का निर्माण आवश्यक है। स्कूली बच्चों से लेकर काम में आने-जाने वालों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गुरुवार को ग्रामीणों ने कलेक्टर से मुलाकात कर हरफतराई से बलियारा मार्ग तथा पुल निर्माण कराने की मांग की है।



# रत्नाबांधा पंचायत ने किया चौपाटी का विरोध

- घास भूमि को आबादी भूमि घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत रत्नाबांधा ने चौपाटी बनाने का विरोध किया है। गुरुवार को रत्नाबांधा सरपंच फकीरचंद वर्मा, उपसरपंच दादूलाल यदु, सचिव नेहा गुप्ता, दिलीप मीनपाल, तेजनारायण, कमलेश नाग सहित बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि निगम प्रशासन द्वारा रत्नाबांधा में चौपाटी बनाने के लिए सर्वे किया जा रहा है। इससे ग्रामवासियों को आपत्ति है।



एक अन्य मांग में ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने कहा है कि रत्नाबांधा में करीब 100 परिवार पिछले 60-65 वर्षों से घास जमीन पर मकान बनाकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। घासभूमि खसरा नं. 334, 335, 337, 338, 407/1, रकबा 0.31, 0.36, 0.17, 0.70 है जिसे ग्रामसभा में आबादी घोषित करने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर घास भूमि को आबादी भूमि घोषित करने की मांग की है।

# बेबसी से जूझ रहे बाप-बेटी को मिला सहारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अन्नपूर्णा मुहिम के तहत धमतरी जिले के ग्राम दोनर निवासी राकेश निर्मलकर के परिवार को एक माह के लिए आवश्यक जीवन उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराई गई। बेटी की पढ़ाई हेतु किताबें व कापियां भी दी गईं।

- एक माह के लिए राशन सामग्री भेंट की

राकेश निर्मलकर दोनों आंखों से कमजोर हैं। पत्नी का निधन 10 वर्ष पूर्व हो चुका है। परिवार में एकमात्र बेटी यामिनी निर्मलकर है, जो कक्षा 10वीं की छात्रा है। अन्नपूर्णा मुहिम के तहत कुछ लोगों ने राकेश के परिवार को एक माह के लिए राशन सामग्री, चावल, आटा, दालें, चना, सरसों तेल, साबुन, मसाले, कपड़े, गैस सिलेंडर और चूल्हा इत्यादि प्रदान किया। बेटी की पढ़ाई हेतु शिक्षा सामग्री जैसे किताबें व कॉपियाँ भी दी गईं। इस अवसर पर ग्राम प्रमुख रोशन कुमार चंद्राकर ने कहा कि संत रामपाल गरीब और असहायों को राशन और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराकर उन्हें जीने की नई उम्मीदें दे रहे हैं। दोनर सरपंच खिलेश बाई नागरची ने इस सेवा कार्य की सराहना की। अनुयायियों ने आश्वासन दिया कि यदि सामग्री एक माह से पहले समाप्त हो जाती है या किसी अन्य वस्तु की आवश्यकता हो, तो मदद तत्काल उपलब्ध कराई जाएगी। यह सहयोग तब तक जारी रहेगा, जब तक परिवार आत्मनिर्भर नहीं हो जाता।

सीएम हाउस के नाम पर महापौर को गुमराह करने व धमकाने का मामला

# रायगढ़ पुलिस धमतरी के आदिल को गिरफ्तार कर साथ ले गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मुख्यमंत्री हाउस के नाम पर महापौर और पार्षद को गुमराह व धमकाने के मामले में रायगढ़ की पुलिस धमतरी पहुंच आरोपी आदिल को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई है।

मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के जूट मिल थाना क्षेत्र के वार्ड नं. 34 में स्थित आंगनबाड़ी भवन को 17 अगस्त को दीपक महोबिया, मुकेश कुमार जैन व फिदा हुसैन द्वारा जेसीबी मशीन से तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचा रहा था। जानकारी मिलने पर पार्षद यादराम साहू व रायगढ़ के महापौर जीवर्धन चौहान मौके पर पहुंचे और सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने से मना किया। जिस पर दीपक ने मोबाइल से महापौर की किसी से बात कराई। उक्त व्यक्ति ने अपने आपको मुख्यमंत्री निवास का कार्यकर्ता बताते हुए महापौर को गुमराह कर धमकी दी। महापौर ने इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार आदिल कुछावा 33 वर्ष पिता असलम धमतरी निवासी ने फोन पर महापौर को यह बताने की कोशिश कि वह मुख्यमंत्री हाउस का प्रतिनिधि है। उसने महापौर को गुमराह किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जूटमिल पुलिस ने आरोपी आदिल कुछावा के खिलाफ सीएम हाउस के नाम पर धमकाने व गुमराह करने के आरोप में बीएनएस की धारा बी 1/9, 319, 2, 324, 3, 324, 5, 351, 4, 3, 5 और सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 30 एवं 5 के तहत मामला दर्ज किया। रायगढ़ पुलिस मंगलवार को धमतरी पहुंचकर आरोपी आदिल कुछावा को गिरफ्तार कर जूट मिल थाना ले गई जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में गिरफ्तार आदिल कुछावा के अलावा दो अन्य आरोपी को हिरासत में लिया जा चुका है।


फाइल फोटो
आदिल कुछावा

### दिग्गज नेताओं से संबंध होने का दावा

रायगढ़ के आंगनबाड़ी मामले में आरोपी आदिल ने सीएम हाउस के नाम पर महापौर को गुमराह करने का प्रयास किया। वहीं फोन पर बड़े-बड़े नेताओं से नजदीकी संबंध होने का दावा किया था। इसी तरह उसके फेसबुक में पूर्व सीएम भूपेश बघेल व रामगोपाल अग्रवाल के साथ फोटो अपलोड है। इससे लगता है कि आरोपी ने कांग्रेस कार्यकाल में भी इसी तरह सीएम हाउस के नाम पर धमकाने का कार्य किया होगा।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### पेयजल आपूर्ति की मांग, सौंपा ज्ञापन

**नरहरपुर।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत पिछले दो वर्षों से अधूरा कार्य को लेकर जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष संदीप कुंजाम के द्वारा सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड को ज्ञापन सौपा है। जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष ने बताया कि विकासखंड नरहरपुर के लगभग 25 ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य अधूरा होने को लेकर क्षेत्रवासी परेशान है। संघ के अध्यक्ष ने 10 दिवस के अंदर कार्य प्रारंभ की मांग की है। कार्य प्रारंभ नहीं करने पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आज हड़ताल पर रहेंगे

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडेरेशन रायपुर के आव्हान पर 22 अगस्त को एक दिवसीय हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है। विकास खंड दुर्गूकोंदल के छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक बाबूलाल कोमरे ने बताया है कि उक्त दिवस को छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन 11 सूत्रीय मांगों को लेकर विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारी हड़ताल में रहेगें और सायं 4 बजे मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को सौपेंगे।

### हड़ताल को लेकर कर्मियों ने भरी हुंकार

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर मोदी की गारंटी पूरी करने को लेकर कलम रख मशाल उठा आंदोलन के दूसरे चरण में 22 अगस्त को एक दिवसीय सामूहिक हड़ताल कर रहे हैं। हड़ताल के दबाव को देखते हुए कल ही सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों को 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता वृद्धि की घोषणा की गई। जिसे लेकर कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है।

कर्मियों का कहना है कि सरकार पहले अपने वादे के अनुरूप मोदी की गारंटी पूरी करें तथा 11 सूत्रीय मांगों पर चर्चा करें।

### खाद की ओडिशा सप्लाई होने और कालाबाजारी की आशंका, जांच की मांग

# अंचल में यूरिया खाद की किल्लत से किसान बेहाल




हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सिहावा क्षेत्र के किसान इन दिनों यूरिया समेत अन्य खाद की भारी किल्लत से परेशान हैं। खेती किसानी के इस महत्वपूर्ण समय में किसानों को उचित दर पर खाद नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों के अनुसार इस संकट का एक प्रमुख कारण छत्तीसगढ़ से खाद की अवैध सप्लाई उड़ीसा की ओर होना बताया जा रहा है। साथ ही स्थानीय स्तर पर कुछ व्यापारियों द्वारा खाद का भंडारण कर कालाबाजारी किए जाने की भी चर्चा है।

किसानों ने बताया कि जहां पड़ रहा है और किसान आर्थिक बोझ से दबते जा रहे हैं।

ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि कुछ लाइसेंसी विक्रेता किसानों के आधार नंबर का उपयोग कर पीओएस मशीन में फर्जी एंट्री कर रहे हैं। शासन को रिपोर्ट दी जाती है कि परीक्षण हो।दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके। किसानों का कहना है कि यदि स्थिति पर तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो खेती प्रभावित होगी और उनकी आजीविका पर संकट गहरा जाएगा।

#### ट्रबल इंजन साबित हो रही सरकार



प्रमोद कुंजाम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसानों के लिए ट्रबल इंजन साबित हो रही है। पूरे प्रदेश के किसान इस समय खाद के लिए भटक रहे हैं। सरकारी सोसायटियों में खाद की कमी है । मजबूरन खुले बाजार में ज्यादा कीमत में खरीदने को किसान मजबूर है। पहले कहा था कि डीएपी के बदले एनपीके दी जायेगी। अब एनपीके की कमी हो गई है।

## आतिशबाजी कर मनाया नगर पालिका बनने का जश्न



नपा की प्रथम अध्यक्ष कहलाएंगी ज्योति, देवव्रत होंगे उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

राज्य शासन ने बुधवार को आदेश जारी कर कुरुद को नगर पंचायत से नगर पालिका का दर्जा प्रदान कर दिया। छग नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 5(1) (क) के तहत यह निर्णय लिया गया है। इसकी सूचना जैसे ही विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर ने सोशल मीडिया में डाली। बधाई देने वालों का तांता लग गया।

देर शाम नगर पंचायत कार्यालय के सामने परिसर में नपं अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, उपाध्यक्ष देवव्रत साहू समेत परिषद के सभापति एवं पार्षदगणों, अधिकारी-कर्मचारियों के साथ नगरवासी एकत्र होकर जोरदार आतिशबाजी की एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर इस बड़ी उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर की। ज्ञात हो कि आज से 41 साल पहले 1984 में ग्राम पंचायत से नगर पंचायत बने कुरूद में अब तक 6 अध्यक्षों ने परिषद का नेतृत्व कर निकाय का विकास सफर तय किया है जिसमें प्रथम अध्यक्ष राजकुमारी दीवान, फिर दो बार निरंजन सिन्हा, जिसके बाद ज्योति भानु चन्द्राकर, तत्पश्चात रविकांत चन्द्राकर, तपन संजय चन्द्राकर और एक दशक बाद फिर से ज्योति चन्द्राकर सीधे अध्यक्ष निर्वाचित होकर निकाय में सत्तारूढ़ हुई है। अब ज्योति नगर पंचायत के बाद नगर पालिका की प्रथम अध्यक्ष कहलाएंगी।

#### कुरुद की वर्तमान सीमाएं ही रहेंगी नगर पालिका

जारी अधिसूचना के अनुसार वर्ष 2011 की जनगणना में कुरूद नगर पंचायत की आबादी 13,783 दर्ज की गई थी। शासन ने नगर पालिका के गठन हेतु यही क्षेत्र अधिसूचित किया है। नगर पालिका कुरूद की सीमाएं नगर पंचायत कुरूद की वर्तमान सीमाएं ही रहेंगी। शासन का यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है जिसकी खुशी पूरे नगर में देखने को मिल रही है। जनता इस बड़ी उपलब्धि का श्रेय विधायक अजय चन्द्राकर एवं ज्योति की अगुवाई वाली परिषद को देकर आभार जता रही है।

## फरियाद लेकर गई थी महिला | तहसील कार्यालय में महिला ने किया जहर सेवन

**धमतरी।** फरियाद लेकर गई एक महिला ने तहसील कार्यालय में जहर सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पंचवटी कालोनी निवासी रानी दुलानी के पति ने दो वर्ष पूर्व कंस्ट्रक्शन कार्य को लेकर फाइनेंस कंपनी चोलामंडलम से 49 लाख रूपए का लोन लिया था। दो वर्ष पहले उसके पति की मृत्यु हो गई। उसके 10 माह बाद चोला मंडलम की टीम लोन का पैसा लेने उसके घर पहुंची। तब महिला को लोन लिए जाने की जानकारी हुई। अब लोन देने वाले ने उसके घर को कब्जे में ले लिया है जिसके बाद महिला गुरुवार को तहसील कार्यालय पहुंची थी। वहां तहसीलदार सुनवाई कर रहे थे। महिला द्वारा दरवाजा खटखटाया गया। आखिर में महिला ने तहसील कार्यालय के भीतर कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। महिला को आनन- फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। गंभीर हालत के चलते महिला को रायपुर रिफर कर दिया गया है।

पीड़ित महिला की पुत्री दिशा दुलानी ने मीडिया को बताया कि गुरुवार को उसकी मां ने सुसाइड करने की कोशिश की है। गुरुवार को चोला मंडलम वाले व तहसीलदार उसके घर पहुंचे थे। उस समय वह घर पर अकेली थी। उसे बाहर निकाल घर में कब्जा कर ताला लगा दिया। उसकी मां रानी दुलानी तीन दिन से जिला अस्पताल की आईसीयू में एडमिट थी।

वहीं सिविल सर्जन डा. टोंडर ने मीडिया को बताया कि रानी दुलानी नाम की महिला दो तीन दिन से आईसीयू में भर्ती थी। वह अस्थमा की पेशेंट हैं। आज ही उनका डिस्चार्ज हुआ था। शाम को जहरीली दवा के सेवन करने के कारण उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। आवश्यक उपचार के बाद महिला को मेकाहारा रिफर कर दिया गया है।

### कृष्ण जन्माष्टमी पर हुई रामधुनी

**नगरी।** कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव पुरानी बस्ती दुगली में बड़ी धूमधाम से मनाया गया । बजरंग चौक पुरानी बस्ती दुगली में 24 घंटे का कृष्ण झूला का आयोजन किया गया जिसमें रामधुनी हुई। उपसरपंच चंद्रभान नेताम, समिति सचिव अनिल कुमार यादव, वार्ड पंच वरूण देव नेताम, भोज सोनवानी ने ग्राम तंवरबाहरा जिला गरियाबंद रामधुनी पार्टी गायक दैनीराम ध्रुव को मंच पर सम्मानित किया।

## मेनोनाईट स्कूल में मना राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जूनियर क्लासेस के छात्र वृद्धजनों की वेशभूषा में नजर आए एवं शाला परिवार के सभी सम्मानित सीनियर स्टाफ का सम्मान किया। मौके पर शाला की प्राचार्या श्रीमती एचके खालसा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें न केवल बुजुर्गों का आदर करना चाहिए बल्कि उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी उठानी चाहिए। विद्यार्थियों को बुजुर्गों के जीवन से सीख लेते हुए अपना जीवन सफल एवं सुखी बनाना चाहिए।

### महिलाओं ने सगरी बनाकर की पूजा-अर्चना

**नगरी।** ग्राम करैहा में हलषष्ठी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने संतान की सलामती के लिए भगवान से पूजा-अर्चना कर मंगल कामना की। महिलाओं ने चौक चौराहों पर सगरी बनाकर भगवान शिव, माता पार्वती की विधि- विधान से पूजा की। सगरी में लाई, फलपत्ती, हल्दी, कुमकुम, पसहर चावल, छह प्रकार की भाजी, मिट्टी के अलग- अलग खिलौने, भैंस के दूध से बना दही, घी, दातून,पलाश के पत्तों से बना दोना, नारियल और अन्य पूजन सामग्री अर्पित की गई।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात



**धमतरी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव से उनके निवास पर भाजपा पिछड़ा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने भेंट की। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, हेमराज सोनी, किशोर महानंद, तामेश्वर साहू, शंकर, भूपेन्द सेन शामिल रहे।

## कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए मोदी की गारंटी लागू करने की मांग

- आज जिला स्तर पर होगा धरना प्रदर्शन, बच्चों की पढ़ाई पर पड़ेगा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन की प्रांतीय बैठक में लिए गए निर्णय के अनुरूप फेडरेशन के सभी घटक संगठनों के पदाधिकारियों ने ज्वलंत मुद्दों को लेकर सरकार से मांगों को पूरा कराने के लिए दो चरण में कलम रख मशाल उठा आंदोलन करने निर्णय लिया है जिसके तहत 16 जुलाई को ब्लॉक स्तर पर ज्ञापन रैली निकालकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सौंपा गया लेकिन एक माह व्यतीत होने के बाद भी मांगों को पूरा नहीं होने से कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। अब आंदोलन के द्वितीय चरण में 22अगस्त को सामूहिक अवकाश में रहकर जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन करेंगे। इस आंदोलन में सभी विभाग के कर्मचारियों के शामिल होने से स्कूल, कॉलेज, कृषि, स्वास्थ्य, राजस्व, सिंचाई, पंचायत, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, न्यायालय के सभी कार्य प्रभावित होंगे। छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव ने बताया है कि प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए मोदी की गारंटी अनुसार केन्द्र के समान 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से दिया जाए।



प्रदेश के कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी अनुसार जुलाई 2019 से समय समय पर देय महंगाई भत्ते की लंबित एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में किया जाए। वेतन विसंगति एवं अन्य मुद्दो के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने अनेक मांगें शामिल हैं। 22 अगस्त को जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन गांधी मैदान धमतरी में होगा। समस्त विभाग के कर्मचारी अधिकारियों को शामिल होने की अपील ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव, सहसंयोजक सुरेन्द्र कुमार साहू, जोहन नेताम, यशवंत साहू, बुधराम नेताम, अशोक साहू, महासचिव गिरीश कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष महेंद्र बोर्झा सचिव देवप्रकाश ताम्रकार, सहसचिव सुरेंद्र लोन्हारे, संजय रेड्डी, विजय मरकाम, संजू निर्मलकर, प्रवक्ता केपी साहू, लता केसरी, बीपी चंद्रा, दिनेश कुमार साहू ने की है।

### अजजा शासेवि संघ फेडरेशन के आंदोलन को देगा समर्थन



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 22 अगस्त को सामूहिक अवकाश लेकर जिलास्तरीय धरना प्रदर्शन कर कलमबंद कामबंद हड़ताल करने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव ने फेडरेशन के आंदोलन को पूर्ण समर्थन दिया है। श्री ध्रुव ने अधिकारी-कर्मचारियों से आह्वान किया कि उक्त आंदोलन को सहयोग प्रदान करें।

## संगठन सर्वोपरि की भावनाओं के साथ करेंगे जनमानस की सेवा : प्रीतेश

- भाजपा छग प्रदेश सह कार्यालय मंत्री बनने पर बोड़रा डी, पुरी, छाती में हुआ आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



भाजपा छग प्रदेश सह कार्यालय मंत्री के रूप में शहर के युवा तथा कर्मठ कार्यकर्ता प्रीतेश गांधी को जिम्मेदारी के साथ महत्वपूर्ण स्थान प्रदान किए जाने पर क्षेत्र के ग्रामीण तथा शहरी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। श्री गांधी के द्वारा भाजपा प्रदेश कार्यालय ठाकरे परिसर में अपने दायित्व को ग्रहण करने के पश्चात क्षेत्र की जनता से मिलने का क्रम जारी है। इसी तारतम्य में ग्राम बोड़रा (डी), पुरी तथा छाती पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

गौरतलब है कि प्रीतेश गांधी ने पूर्व में भाजपा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य सहित समय-समय पर विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए उसे सफलतापूर्वक निभाएं हैं। वर्तमान में वे सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। राजेंद्र शर्मा, अरूण बघेल, विजय धीवर, प्रकाश बघेल, शंकर चंद्राकर, गोविंदा, दुर्गेश, कुणाल, नेमीचंद, शेखर चंद्राकर, गुड्डू चंद्राकर, बजरंगी बाबा, शिवप्रसाद मरकाम, गोपी साहू, प्रवीण साहू, नीरज साहू, भूषण साहू, टामेन्द्र यादव, दादू साहू, लल्लू यादव, बालाराम साहू पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने उनकी नियुक्ति पर हर्ष जताया है।



## प्रेस क्लब की दूसरी कार्यकारिणी की हुई बैठक




- सदस्यता अभियान व शुल्क सहित अन्य मुद्दों को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्रेस क्लब धमतरी की दूसरी कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक 20 अगस्त को प्रेस क्लब भवन में हुई। बैठक में सदस्यता अभियान, सदस्यता शुल्क, प्रेस परिचय पत्र सहित अन्य एजेंडों पर सार्थक चर्चा हुई। सर्वसम्मति से कुछ एजेंडों पर निर्णय भी लिया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष विशाल ठाकुर, महासचिव विक्रांत शर्मा, उपाध्यक्ष कमलेश पांडे व उमेश सिंह बशिस्ट, कोषाध्यक्ष नरेशचंद्र श्रोती, सचिव राज सोनवानी, संगठन सचिव सत्येंद्र शर्मा, मीडिया प्रभारी बसंत सचदेव, सहसचिव संतोष सोनकर सहित अन्य मौजूद थे।

## भीमा कोटेश्वर महादेव मंदिर में दान पेटी चोरी का खुलासा

- पुलिस ने नाबालिग सहित दो आरोपी को किया गिरफ्तार, 8,420 रुपये बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

भीमा कोटेश्वर शिवधाम मंदिर प्रांगण से चोरी हुई दान पेटी का खुलासा नगरी पुलिस ने कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में नाबालिग सहित दो आरोपी को गिरफ्तार करते हुए नगद राशि समेत दान पेटी बरामद की है।

थाना नगरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी मुकेश बघेल पिता स्व. निरंजन सिंह बघेल उम्र 48 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 3-4 अगस्त 2025 की दरम्यानी रात 11 से 3:30 बजे के बीच अज्ञात चोर मंदिर परिसर से लोहे की दान पेटी की चोरी कर ले गए। मामले में धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।



पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर संदेही ललेश नेताम पिता तीजुराम नेताम उम्र 21 वर्ष निवासी कोटाभर्री तथा एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने चोरी करना स्वीकार किया। उनके बताए अनुसार 8,420 रुपये की चोरी गई राशि में से 4,000 रुपये नगद आरोपी के घर से और शेष रकम व दान पेटी मंदिर परिसर के पास जंगल-झाड़ी से गवाहों की मौजूदगी में बरामद की गई। आरोपी ललेश नेताम को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया, जबकि विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### चरमुड़िया में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया

**सिर्री।** ग्राम चरमुड़िया में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। रात्रि 8 से 2 बजे तक शारदा मानस मंडली द्वारा रामायण की प्रस्तुति दी गई। शंकरनगर रेलवे स्टेशन चरमुड़िया में हुए इस आयोजन में प्रेमलाल निर्मलकर, शिव निर्मलकर, कृतिका, होरीलाल साहू समेत ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।







